मृदुल पत्रिका समाचार पत्र को समस्त जिलों एवं तहसील-कस्बों में संवाददाताओं की आवश्यकता है। सम्पर्क सूत्र 9828888853

दैनिक
मृदुल पत्रिका
राजस्थान, दिल्ली, उत्तरप्रदेश एवं हरियाणा से प्रकाशित

हमारे यहां किताबों व समाचार पत्रों की प्रिन्टिंग की जाती है सम्पर्क सूत्र 9571039307 (भरत प्रिंटर्स एण्ड सैल्स कॉर्पोरेशन)

पृष्ठ 10 वर्ष: 15 मूल्य 2.00 रु. अंक 125 | जयपुर, शुक्रवार, 15 दिसम्बर, 2023 | RNI/RAJHIN/2008/27048 | dainikmridulpatrika@gmail.com | 9413193990

पीएम श्री योजना और जिज्ञासा के अंतर्गत स्कूली छात्रों का सीरी में शैक्षणिक भ्रमण

500 से अधिक विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने देखी अनुसंधान प्रयोगशाला की कार्य प्रणाली

पिलानी (मृदुल पत्रिका)। केंद्र सरकार सरकारी स्कूलों में शिक्षा के स्तर एवं अन्य सुविधाओं में सुधार के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस दिशा में अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। जिज्ञासा एवं इस्पायर जैसे कार्यक्रम इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों को दर्शाते हैं। गतवर्ष शिक्षक दिवस के अवसर पर आरंभ की गई पीएम श्री योजना ऐसा ही एक प्रयास है। इस योजना के अंतर्गत 11, 12 व 13 दिसंबर को जवाहर नवोदय विद्यालय, काजड़ा और जवाहर नवोदय विद्यालय, श्रीगंगानगर के 395 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सीएसआईआर- केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीरी) का शैक्षणिक भ्रमण किया। इसके अलावा जिज्ञासा कार्यक्रम के अंतर्गत 14 दिसंबर को प्रिंस करियर पॉइंट, सीकर के 96 विद्यार्थियों एवं 11 शिक्षकों ने संस्थान का शैक्षणिक दौरा किया।

इस भ्रमण के दौरान स्कूली विद्यार्थियों को संस्थान की शोध प्रयोगशालाओं में सीरी की प्रमुख गतिविधियों की जानकारी दी गई। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को संस्थान के वैज्ञानिकों एवं तकनीकी कार्मिकों से परस्पर चर्चा का अवसर दिया गया। छात्रों ने अत्यंत रुचि लेते हुए वैज्ञानिकों से संवाद किया और शोध कैरियर के संबंध में प्रश्न पूछे। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं को वैज्ञानिक व्याख्यानों एवं तकनीकी प्रस्तुतीकरणों के माध्यम से जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के संयोजक डॉ प्रमोद तँवर, प्रमुख, पीएमई ने बताया कि स्कूली विद्यार्थियों के अनुसंधान प्रयोगशालाओं में शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से 'जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान, जय अनुसंधान' के नारे को मूर्त रूप देते हुए छात्रों को वैज्ञानिक के रूप में देश को अपनी सेवाएं देने और विज्ञान को कैरियर के विकल्प के रूप में चुनने के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया गया। डॉ तँवर ने कहा कि सीएसआईआर-सीरी किशोर छात्र-छात्राओं को इन कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रयोगशाला भ्रमण एवं वैज्ञानिकों से संवाद का अवसर प्रदान कर अपने सामाजिक एवं नैतिक दायित्व का निर्वहन कर रहा है।

क्या है पीएम श्री योजना

प्रधानमंत्री स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया 'पीएम श्री' का पूर्ण रूप है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत देशभर के करीब 14,500 स्कूलों को पीएम श्री (प्रधानमंत्री स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया) स्कीम के अंतर्गत अपग्रेड किया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से पुराने स्कूलों के ढांचे को सुंदर, मजबूत और आकर्षक बनाया जाएगा। अपग्रेड किए गए स्कूलों में शिक्षा प्रदान करने का एक आधुनिक, परिवर्तनकारी और समग्र तरीका लाया जाएगा। इसमें नवीनतम तकनीक, स्मार्ट क्लास, खेल और आधुनिक अवसंरचना पर विशेष ध्यान जोर दिया जाएगा। यह सभी मॉडल स्कूल बनेंगे और इनमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति की पूरी भावना समाहित होगी। भारत सरकार की इस योजना का सीधा लाभ देश के 18 लाख से ज्यादा छात्रों को मिलेगा।